कोड नं.
Code No. **59/2/2**

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

| | नोट | | NOTE |
|---|---|---|---|
| (I) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **19** हैं । | (I) | Please check that this question paper contains **19** printed pages. |
| (II) | प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें । | (II) | Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate. |
| (III) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं । | (III) | Please check that this question paper contains **34** questions. |
| (IV) | कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें । | (IV) | Please write down the Serial Number of the question in the answer-book before attempting it. |
| (V) | इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे । | (V) | 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period. |

# राजनीति विज्ञान

# POLITICAL SCIENCE

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से पालन कीजिए :*

*(i)* *प्रश्न-पत्र* ***पाँच*** *खण्डों में विभाजित है —* ***क, ख, ग, घ*** *एवं* ***ङ*** *।* ***सभी*** *प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* ***खण्ड क*** *– प्रश्न संख्या* ***1*** *से* ***20*** *तक अति लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न* ***1*** *अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर एक शब्द या एक वाक्य परन्तु 20 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(iii)* ***खण्ड ख*** *– प्रश्न संख्या* ***21*** *से* ***23*** *लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न* ***2*** *अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 40 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(iv)* ***खण्ड ग*** *– प्रश्न संख्या* ***24*** *से* ***27*** *तक दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न* ***4*** *अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 100 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(v)* ***खण्ड घ*** *– प्रश्न संख्या* ***28*** *से* ***30*** *तक दो प्रश्न अवतरण पर तथा एक प्रश्न चित्र अथवा कार्टून पर आधारित है, प्रत्येक प्रश्न* ***5*** *अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 150 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*प्रश्न संख्या* ***31*** *मानचित्र से संबंधित है जिसमें महत्त्वपूर्ण स्थानों की पहचान दी गई जानकारी के आधार पर ही की जानी है । इसका उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।*

*(vi)* ***खण्ड ङ*** *– प्रश्न संख्या* ***32*** *से* ***34*** *तक दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न* ***6*** *अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 150 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(vii)* *उत्तर संक्षिप्त तथा बिंदुवार होने चाहिए और साथ ही उपर्युक्त शब्द सीमा का यथासंभव पालन कीजिए ।*

*(viii)* *प्रश्न-पत्र में कोई समग्र विकल्प नहीं है । तथापि, एक-एक अंक वाले एक प्रश्न में, चार-चार अंकों वाले एक प्रश्न में तथा छ:-छ: अंकों वाले तीन प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं । ऐसे प्रश्नों में से केवल एक ही विकल्प का उत्तर लिखिए ।*

*(ix)* *इसके अतिरिक्त, आवश्यकतानुसार, प्रत्येक खण्ड और प्रश्न के साथ यथोचित निर्देश दिए गए हैं ।*

## खण्ड क

**1.** किस युद्ध को 'कम्प्यूटर युद्ध' के नाम से भी जाना जाता है ? *1*

**अथवा**

श्रीलंका को पहले किस नाम से जाना जाता था ? *1*

***General Instructions :***

*Read the following instructions very carefully and strictly follow them :*

*(i)* *Question paper comprises **five** Sections —**A**, **B**, **C**, **D** and **E**. **All** questions are compulsory.*

*(ii)* ***Section A** – Questions no. **1** to **20** are very short-answer type questions, carrying **1** mark each. They are required to be answered in one word or one sentence each, but not exceeding 20 words.*

*(iii)* ***Section B** – Questions no. **21** to **23** are short-answer type questions, carrying **2** marks each. Answers to them should not exceed 40 words each.*

*(iv)* ***Section C** – Questions no. **24** to **27** are long-answer type questions, carrying **4** marks each. Answers to them should not exceed 100 words each.*

*(v)* ***Section D** – Questions no. **28** to **30** are two passage based questions and one picture OR cartoon based question, carrying **5** marks each. Answers to them should not exceed 150 words each.*

*Question no. **31** is a map based question that includes identification of important places on the basis of given information. Write its answers in your answer-book.*

*(vi)* ***Section E** – Questions no. **32** to **34** are long-answer type questions, carrying **6** marks each. Answers to them should not exceed 150 words each.*

*(vii)* *Answers should be brief and to the point and the above word limit be adhered to as far as possible.*

*(viii)* *There is no overall choice in the question paper. However, an internal choice has been provided in 1 question of one mark, 1 question of four marks and 3 questions of six marks. Only one of the choices in such questions is to be attempted.*

*(ix)* *In addition to this, separate instructions are given with each section and question, wherever necessary.*

## SECTION A

**1.** Which war is also known as the 'Computer War' ? *1*

**OR**

What was the earlier name of Sri Lanka ? *1*

**2.** निम्नलिखित में से कौन *'इकोनॉमी ऑफ़ परमानेंस'* नामक पुस्तक का लेखक था ? *1*

(A) मौलाना अबुल कलाम आज़ाद

(B) सी. राजगोपालाचारी

(C) आचार्य नरेन्द्र देव

(D) जे.सी. कुमारप्पा

**3.** 22वें राज्य के रूप में, सिक्किम के भारत के साथ विलय के समय, चोग्याल की भूमिका का विश्लेषण कीजिए । *1*

**4.** विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यू.टी.ओ.) को विकासशील देशों के लिए अधिक स्वीकार्य बनाने के लिए कोई एक कदम सुझाइए । *1*

**5.** भारत में देशी रियासतों को मिलाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले नेता का पूरा नाम लिखिए । *1*

**6.** सांस्कृतिक विषमता से क्या अभिप्राय है ? *1*

**7.** 1985 के असम समझौते के परिणाम का आकलन कीजिए । *1*

**8.** किसी राष्ट्र की विदेश नीति किस कारक से प्रभावित होती है ? सही उत्तर चुनिए । *1*

(A) केवल सांस्कृतिक कारक

(B) केवल आंतरिक कारक

(C) आंतरिक और अंतर्राष्ट्रीय कारक

(D) केवल आर्थिक कारक

**9.** रूस में समाजवादी क्रांति के बाद समाजवादी सोवियत गणराज्य (यू.एस.एस.आर.) किस वर्ष में अस्तित्व में आया ? *1*

(A) 1914

(B) 1917

(C) 1939

(D) 1991

**2.** Who among the following was the author of the book titled *'Economy of Permanence'* ? *1*

(A) Maulana Abul Kalam Azad

(B) C. Rajagopalachari

(C) Acharya Narendra Dev

(D) J.C. Kumarappa

**3.** Analyse Chogyal's role at the time of Sikkim's merger with India as its $22^{nd}$ State. *1*

**4.** Suggest any one step that should be taken to make the World Trade Organisation (WTO) more acceptable to the developing countries. *1*

**5.** Write the full name of the leader who played a prominent role in the integration of Princely States with India. *1*

**6.** What is meant by cultural heterogenisation ? *1*

**7.** Assess the outcome of the Assam Accord of 1985. *1*

**8.** The foreign policy of a nation is affected by which factors ? Choose the correct answer. *1*

(A) Cultural factors only

(B) Domestic factors only

(C) Domestic and international factors

(D) Economic factors only

**9.** The Union of Soviet Socialist Republics (USSR) came into being after the Socialist Revolution in Russia in *1*

(A) 1914

(B) 1917

(C) 1939

(D) 1991

**10.** क्या आप इस कथन से सहमत हैं कि "1975 में आपातकाल की घोषणा ने भारत में शक्तियों के संघीय वितरण को कमज़ोर कर दिया" ? किसी एक तर्क द्वारा अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए । *1*

**11.** नीचे दिए गए कथन को सही करके अपनी उत्तर-पुस्तिका में पुन: लिखिए :

नेहरू के बाद, अटल बिहारी वाजपेयी, 1988 में दो देशों के बीच संबंधों को सुधारने के लिए, चीन जाने वाले प्रथम प्रधान मंत्री बने । *1*

**12.** निम्नलिखित घटनाओं में से सबसे अंत में कौन-सी घटना घटी ? *1*

(A) नाटो की स्थापना

(B) प्रथम विश्व युद्ध

(C) हिरोशिमा में परमाणु बम का गिराया जाना

(D) प्रथम गुटनिरपेक्ष सम्मेलन

**13.** आपके विचार में, भारत में पहले तीन आम चुनावों में काँग्रेस पार्टी के प्रभुत्व के लिए उत्तरदाई प्रमुख कारण कौन-सा था ? *1*

**14.** 'काँग्रेस सिंडीकेट' का अर्थ स्पष्ट कीजिए । *1*

**15.** उपयुक्त राज्य के नाम द्वारा रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

________ राज्य में नियोजन और विकास के लिए जो रास्ता चुना गया उसे '_______मॉडल' कहा जाता है ।

**16.** ताड़ी-विरोधी आंदोलन को पूरी तरह से एक महिला आंदोलन क्यों कहा गया है ? *1*

**17.** एस.ई.ए.टी.ओ. (सीटो) का पूर्ण रूप लिखिए । *1*

**18.** निम्नलिखित कथन को सही अथवा ग़लत के रूप में पहचान कीजिए । किसी एक उदाहरण द्वारा अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए ।

उत्तरी गोलार्द्ध के देश 'विश्व की साझी संपदा' की सुरक्षा के लिए दक्षिणी गोलार्द्ध के देशों से कहीं ज्यादा चिंतित हैं । *1*

**10.** Do you agree that "the proclamation of Emergency in 1975 weakened the federal distribution of power in India" ? Give any one argument to support your answer. *1*

**11.** Correct the statement given below and rewrite it in your answer-book :

After Nehru, Atal Behari Vajpayee became the first Prime Minister to visit China in 1988 to improve relations between the two countries. *1*

**12.** Which one of the following was the last to happen ? *1*

(A) Foundation of NATO

(B) First World War

(C) Dropping of Atomic bomb on Hiroshima

(D) First NAM Summit

**13.** In your opinion, which major factor was responsible for the dominance of the Congress Party in the first three general elections in India ? *1*

**14.** Explain the term 'The Congress Syndicate'. *1*

**15.** Fill in the blanks with the appropriate name of the State : $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

The '____________ Model' is the name given to the path of planning and development charted by the State of ____________.

**16.** Why was Anti-Arrack Movement called totally a woman's movement ? *1*

**17.** Write the full form of SEATO. *1*

**18.** Identify the following statement as true or false. Give any one example to justify your answer.

"The countries of the North are more concerned about the protection of the global commons than the countries of the South." *1*

**19.** यूरोपीय संघ की स्थापना के उद्देश्यों के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन ***असत्य*** है ? *1*

(A) एक साझी विदेश नीति प्रदान करना

(B) एकल मुद्रा का निर्माण

(C) एक साझे बाज़ार की स्थापना

(D) न्याय तथा आंतरिक मामलों से जुड़े मुद्दों पर सहयोग

**20.** उस राजनीतिक दल की पहचान कीजिए जो एक देश, एक संस्कृति और एक राष्ट्र के विचार पर बल देता है । *1*

(A) भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस

(B) भारतीय जनसंघ

(C) स्वतंत्र पार्टी

(D) भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी

## खण्ड ख

**21.** भारत के एक-दल के प्रभुत्व और चीन के एक-दल के प्रभुत्व के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए । *2*

**22.** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् की स्थाई सदस्यता के लिए, भारत की उम्मीदवारी का समर्थन किसी एक उपयुक्त तर्क द्वारा कीजिए । *2*

**23.** भारतीय राजनीति पर 1974 के गुजरात छात्र आंदोलन के किन्हीं दो प्रभावों का वर्णन कीजिए । *2×1=2*

## खण्ड ग

**24.** तिब्बत मुद्दा क्या था ? भारत ने तिब्बती शरणार्थियों की किस प्रकार मदद की ? *2+2=4*

**25.** यह कहना कहाँ तक उचित है कि यदि दक्षिण एशिया के सभी देश अपनी सीमा रेखा के आर-पार मुक्त-व्यापार पर सहमत हो जाएँ, तो इस क्षेत्र में शांति और सहयोग के एक नए अध्याय की शुरुआत हो सकती है ? *4*

**26.** किन्हीं चार तर्कों द्वारा सिद्ध कीजिए कि सोवियत संघ प्रशासनिक और राजनीतिक अर्थों में स्थिर हो गया था । *4×1=4*

**अथवा**

यदि सोवियत संघ का विघटन नहीं हुआ होता, तो उस स्थिति का विश्व, राजनीति पर क्या असर होता ? *4*

**19.** Which among the following statements about the objectives for the establishment of the European Union is ***false*** ? *1*

(A) To provide a common foreign policy

(B) Creation of a single currency

(C) Establishment of a common market

(D) Cooperation on justice and home affairs

**20.** Identify the political party which lays emphasis on the idea of one country, one culture and one nation. *1*

(A) Indian National Congress

(B) Bharatiya Jana Sangh

(C) Swatantra Party

(D) Communist Party of India

## SECTION B

**21.** Differentiate between one-party dominance of India and the one-party dominance of China. *2*

**22.** Give any one suitable argument to support India's candidature for permanent membership of the UN Security Council. *2*

**23.** Describe any two effects of the students agitation of 1974 in Gujarat on Indian politics. *2×1=2*

## SECTION C

**24.** What was the Tibet issue ? How did India help the Tibetan refugees ? *2+2=4*

**25.** How far is it justified to say that a new chapter of peace and cooperation might evolve in South Asia if all the countries in the region allow free trade across the borders ? *4*

**26.** Give any four arguments to prove that the Soviet Union had become stagnant in an administrative and political sense. *4×1=4*

**OR**

If the Soviet Union had not disintegrated, how would that situation have affected world politics ? *4*

**27.** 'अन्य पिछड़ा वर्ग' से क्या अभिप्राय है ? भारतीय राजनीति में ओ.बी.सी. की भूमिका का वर्णन कीजिए । *1+3=4*

## खण्ड घ

**28.** नीचे दिए गए कार्टून का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए तथा निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :



(a) कार्टून में दिखाए गए सैनिक तथा कबूतर किस बात के प्रतीक हैं ?

(b) कार्टून द्वारा क्या संदेश दिया जा रहा है ?

(c) कार्टून के अनुसार, सैनिक किस कार्य को पूरा करने का प्रयास कर रहा है ? *2+2+1=5*

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या 28 के स्थान पर हैं ।*

(28.1) पारंपरिक सुरक्षा नीति के घटक के रूप में गठबंधन निर्माण का क्या अर्थ है ?

(28.2) पारंपरिक सुरक्षा की आंतरिक और बाहरी धारणा के बीच उदाहरणों की सहायता से अंतर स्पष्ट कीजिए । *2+3=5*

**27.** What is meant by 'Other Backward Classes' ? State the role of OBCs in Indian politics. *1+3=4*

## SECTION D

**28.** Study the cartoon given below carefully and answer the questions that follow :



(a) What do the soldier and the pigeon shown in the cartoon symbolise ?

(b) What message does the cartoon convey ?

(c) As per the cartoon, what task is the soldier trying to accomplish ? *2+2+1=5*

***Note :*** *The following questions are for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only, in lieu of Q. No. 28.*

(28.1) What is meant by alliance building as a component of traditional security policy ?

(28.2) Distinguish between the internal and external notion of traditional security with the help of examples. *2+3=5*

**29.** नीचे दिए गए अवतरण का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

हर देश को पूँजीवादी अर्थव्यवस्था के लिए बदलाव करने की आवश्यकता थी, जिसका मतलब था सोवियत संघ के दौर में विकसित हुई हर संरचना से निजात पाना । शॉक थेरेपी की सर्वोपरि मान्यता थी कि मिल्कियत का सबसे प्रभावी रूप निजी स्वामित्व होगा । इसके अंतर्गत राज्य की संपदा के निजीकरण और व्यावसायिक स्वामित्व के ढाँचे को तुरंत अपनाने की बात शामिल थी । सामूहिक 'फार्म' को निजी 'फार्म' में बदला गया और पूँजीवादी पद्धति से खेती शुरू हुई । इस संक्रमण में राज्य-नियंत्रित समाजवाद या पूँजीवाद के अतिरिक्त किसी भी वैकल्पिक व्यवस्था या 'तीसरे रुख' को मंज़ूर नहीं किया गया ।

(a) निजी स्वामित्व से क्या अभिप्राय है ?

(b) सामूहिक फार्मों को निजी फार्मों में क्यों बदला जाना था ? कोई दो कारण दीजिए ।

(c) राज्य-नियंत्रित समाजवाद के किन्हीं दो लाभों को उजागर कीजिए । *1+2+2=5*

**30.** नीचे दिए गए अवतरण का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

फ़ैसला हुआ कि अब तक जिस भू-भाग को 'इंडिया' के नाम से जाना जाता था उसे 'भारत' और 'पाकिस्तान' नाम के दो देशों के बीच बाँट दिया जाएगा । यह विभाजन दर्दनाक तो था ही, इस पर फ़ैसला करना और अमल में लाना और भी कठिन था । तय किया गया कि धार्मिक बहुसंख्या को विभाजन का आधार बनाया जाएगा । इसके मायने यह थे कि जिन इलाकों में मुसलमान बहुसंख्यक थे वह इलाके पाकिस्तान के भू-भाग होंगे और शेष हिस्से भारत कहलाएँगे । यह बात थोड़ी आसान जान पड़ती है, लेकिन असल में इसमें कई किस्म की दिक्कतें थीं ।

(a) 1947 में भारत का विभाजन इतना अधिक दर्दनाक क्यों सिद्ध हुआ ?

(b) विभाजन की राह में उत्पन्न हुई किन्हीं दो मुख्य कठिनाइयों का विश्लेषण कीजिए ।

(c) यदि भारत का विभाजन न हुआ होता, तो विश्व में भारत की स्थिति क्या होती ? *1+2+2=5*

**29.** Study the passage given below carefully and answer the questions that follow :

Each of these countries was required to make a total shift to a capitalist economy, which meant rooting out completely any structures evolved during the Soviet period. Above all, shock therapy meant that private ownership was to be the dominant pattern of ownership of property. Privatisation of state assets and corporate ownership patterns were to be immediately brought in. Collective farms were to be replaced by private farming and capitalism in agriculture. This transition ruled out any alternate or 'third way', other than state-controlled socialism or capitalism.

(a) What is meant by private ownership ?

(b) Why were collective farms to be replaced by private farming ? Give any two reasons.

(c) Highlight any two advantages of state-controlled socialism. *1+2+2=5*

**30.** Study the passage given below carefully and answer the questions that follow :

Thus it was decided that what was till then known as 'India' would be divided into two countries, 'India' and 'Pakistan'. Such a division was not only very painful, but also very difficult to decide and to implement. It was decided to follow the principle of religious majorities. This basically means that areas where the Muslims were in majority would make up the territory of Pakistan. The rest was to stay with India. The idea might appear simple, but it presented all kinds of difficulties.

(a) Why did the partition of India in 1947 prove to be very painful ?

(b) Analyse any two major difficulties that arose in the way of partition.

(c) What would have been India's position in the world, had there been no partition of India ? *1+2+2=5*

**31.** **भारत** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 15 पर) में पाँच राज्यों को Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ, Ⓓ तथा Ⓔ के द्वारा अंकित किया गया है । नीचे दी गई जानकारी के आधार पर इन राज्यों की पहचान कीजिए और अपनी उत्तर-पुस्तिका में इनके सही नाम, प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या तथा मानचित्र में दिया गया संबन्धित अक्षर, नीचे दी गई तालिका के रूप में लिखिए :

| प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या | मानचित्र में संबन्धित अक्षर | राज्य का नाम |
|---|---|---|
| (i) | | |
| (ii) | | |
| (iii) | | |
| (iv) | | |
| (v) | | |

(i) ताड़ी-विरोधी आंदोलन से संबंधित राज्य ।


(ii) सूचना के अधिकार के लिए आंदोलन से संबंधित राज्य ।

(iii) वह राज्य जहाँ 'ऑपरेशन ब्लू स्टार' किया गया ।

(iv) हाल ही में बनाया गया केन्द्र-शासित प्रदेश ।

(v) बग़ावत से प्रभावित क्षेत्र जो 1986 में राज्य बना । *5×1=5*

प्रश्न सं. 31 के लिए



**31.** In the given political outline map of **India** (on page 17), five States have been marked as Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ, Ⓓ and Ⓔ. Identify these States on the basis of information given below and write their correct names in your answer-book along with the respective serial number of the information used and the concerned alphabets given in the map as per the following format :

| Sr. no. of the information used | Concerned alphabet in the map | Name of the State |
|---|---|---|
| (i) | | |
| (ii) | | |
| (iii) | | |
| (iv) | | |
| (v) | | |

(i) The State related to Anti-Arrack Movement.


(ii) The State related to the movement for Right to Information.

(iii) The State where 'Operation Blue Star' was launched.

(iv) Recently created Union Territory.

(v) Insurgency affected region which became a State in 1986. *5×1=5*

For question no. 31



**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या 31 के स्थान पर हैं ।*

(31.1) ताड़ी-विरोधी आंदोलन किस राज्य से संबंधित है ?

(31.2) 'सूचना के अधिकार' संबंधी आंदोलन की शुरुआत किस राज्य से की गई थी ?

(31.3) 'ऑपरेशन ब्लू स्टार' किस राज्य से संबंधित है ?

(31.4) हाल ही में बने दो केन्द्र-शासित प्रदेशों के नाम लिखिए ।

(31.5) भारतीय संघ के 22वें राज्य का नाम लिखिए जो 1975 में अस्तित्व में आया । *5×1=5*

## खण्ड ङ

**32.** उन परिस्थितियों का वर्णन कीजिए जिनके अंतर्गत 1969 में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव हुए थे । इस चुनाव के परिणाम ने काँग्रेस पार्टी को कैसे प्रभावित किया ? *3+3=6*

**अथवा**

1975 के आपातकाल द्वारा सिखाए गए किन्हीं तीन सबकों का वर्णन कीजिए । *3×2=6*

**33.** पर्यावरणीय क्षरण की रोकथाम के लिए, भारत सरकार द्वारा उठाए गए किन्हीं तीन कदमों का मूल्यांकन कीजिए । *3×2=6*

**अथवा**

वैश्वीकरण के विस्तार में प्रौद्योगिकी के योगदान का आकलन कीजिए । *6*

**34.** ऐसे किन्हीं तीन विभिन्न तरीकों की व्याख्या कीजिए जिनके द्वारा अमरीकी वर्चस्व से निपटा जा सकता है । *3×2=6*

**अथवा**

यूरोपीय संघ को अति प्रभावशाली क्षेत्रीय संगठन बनाने के लिए उत्तरदाई किन्हीं तीन कारकों की व्याख्या कीजिए । *3×2=6*

***Note :*** *The following questions are for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only, in lieu of Q. No. 31.*

(31.1) Which State is related to Anti-Arrack Movement ?

(31.2) The movement for 'Right to Information' was started in which State ?

(31.3) 'Operation Blue Star' is related to which State ?

(31.4) Name the two recently created Union Territories.

(31.5) Name the $22^{nd}$ State of the Indian Union which came into existence in 1975. *5×1=5*

## SECTION E

**32.** Describe the circumstances under which the Presidential election of 1969 was held. How did the outcome of this election affect the Congress Party ? *3+3=6*

**OR**

Describe any three lessons taught by the Emergency of 1975. *3×2=6*

**33.** Evaluate any three steps taken by the Indian Government to check the environmental degradation. *3×2=6*

**OR**

Assess the impact of technology in the spread of globalisation. *6*

**34.** Explain any three different ways in which American hegemony could be overcome. *3×2=6*

**OR**

Explain any three factors responsible for the European Union to be a highly influential regional organisation. *3×2=6*